सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 118 | इंदौर, बुधवार 13 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. By Election Live: 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव; वायनाड में मतदान केंद्र पहुंचीं प्रियंका गांधी
2. US: ट्रंप कैबिनेट का हिस्सा बने भारतवंशी विवेक रामास्वामी, मस्क के साथ संभालेंगे DOGE का जिम्मा

उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी

# विजयपुर में थाने पर प्रदर्शन श्योपुर-मुरैना रोड जाम

## तेलीपुरा के मतदाताओं ने लगाया बूथ कैप्चरिंग का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में दो विधानसभा सीटों- विजयपुर और बुधनी में उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। विजयपुर से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा की पत्नी ने कहा- मुकेश को वोट डालने से पहले पुलिस ने कस्टडी में ले लिया। पुलिस की 4-5 गाड़ी आईं और उन्हें साथ ले गईं। वहीं, कराहल टीआई भारत सिंह ने बताया कि मुकेश मल्होत्रा को सुरक्षा की दृष्टि से साथ लिया है। उन्हें पुलिस की गाड़ी से ही मतदान केंद्रों पर निरीक्षण कराएंगे।

इसी सीट के तेलीपुरा पोलिंग बूथ के मतदाताओं ने वीरपुर थाने पर प्रदर्शन करते हुए श्योपुर-मुरैना रोड पर चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप है कि रावत समाज के लोग फर्जी मतदान कर रहे हैं जबकि आदिवासियों को वोट नहीं करने दिया जा रहा है।

वहीं, विजयपुर के अंधीपुरा गांव में मतदाताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत भी की है। खाड़ी गांव के लोगों ने भी बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया है।

बुधनी में कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल ने बकतरा के बूथ क्रमांक 9 पर मतदान किया। वहीं, बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने शाहगंज में मतदान केंद्र 54 पर वोट डाला। मतदान शाम 7 बजे तक चलेगा। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

### कांग्रेस ने पूछा- ये गुंडे कौन हैं?

विजयपुर में बूथ कैप्चरिंग और वोट डालने से रोके जाने के लिए कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी नेता केके मिश्रा ने X पर लिखा- यदि गुंडों के बल पर चुनाव जीतना है तो चुनाव ही क्यों करवाते हैं? यदि मप्र विकास का मॉडल बन चुका है, रामराज्य है तो ये गुंडे कौन हैं?

### थाने पर प्रदर्शन, रोड पर चक्काजाम

विजयपुर के तेलीपुरा पोलिंग बूथ पर वोटर्स ने पुलिस पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। मतदाताओं ने वीरपुर थाने पर प्रदर्शन करते हुए श्योपुर-मुरैना रोड पर चक्काजाम कर दिया है। उनका आरोप है कि रावत समाज के लोग फर्जी मतदान कर रहे हैं जबकि आदिवासियों को वोट नहीं करने दिया जा रहा है।

### विजयपुर में बूथ कैप्चरिंग के आरोपों के बीच वोटिंग

विजयपुर विधानसभा सीट पर मतदान के बीच कहीं -कहीं वोट नहीं डालने देने की शिकायतें भी आ रही हैं। प्रशासन इनके निपटारे में लगा है। ताजा अपडेट दे रहे हैं भास्कर रिपोर्टर आशीष उरमलिया...

### भार्गव ने मतदान केंद्र 54 पर किया मतदान

बुधनी से बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने शाहगंज में मतदान केंद्र 54 पर वोट डाला। उन्होंने दैनिक भास्कर से बातचीत में जीत का दावा किया। भार्गव बोले- बुधनी में कहीं कांटे की टक्कर नहीं है। यहां कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं। हम भारी मतों से विजयी होंगे।

### 78 वर्षीय सावित्री तिवारी ने डाला वोट

बुधनी में बूथ क्रमांक 54 पर 78 वर्षीय सावित्री तिवारी ने वोट डाला। उन्होंने कहा- हमने क्षेत्र के विकास के लिए अपना वोट डाला है। मतदान सभी का अधिकार है। इसका उपयोग जरूर करना चाहिए।

### कांग्रेस प्रत्याशी पटेल ने डाला वोट

बुधनी उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। उन्होंने बकतरा के बूथ क्रमांक 9 पर मतदान किया। कहा कि जनता बीजेपी को समझ चुकी है। जीत हमारी ही होगी।

### भार्गव बोले- जनता का आशीर्वाद हमारे साथ

बुधनी से बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने वोटिंग के लिए जाने से पहले घर के सामने बने हनुमान मंदिर में दर्शन किए। दैनिक भास्कर से बात करते हुए भार्गव ने कहा कि हम विकास के मुद्दे पर जनता के बीच गए थे। उनका आशीर्वाद हमारे साथ है।

### खाड़ी गांव में बूथ कैप्चरिंग का आरोप

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के खाड़ी गांव में कुछ लोगों ने रावत समाज के सदस्यों पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो जारी करके कहा- रावत समाज के लोग बूथ पर कब्जा करके बैठे हैं। अवैध हथियार दिखाकर वोट डालने से रोक रहे हैं। हमारी पर्ची भी फाड़ दी।

### युवक ने कहा- पैसे लेकर वोट देने से मना किया तो पत्थर मारा

विजयपुर में बिजली विभाग के कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी को वोट देने से इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की गई। गढ़ी गांव के रहने वाले अनिल जाटव ने कहा- मैंने पैसे लेकर वोट देने से इनकार किया तो राम रावत ने मुझे पत्थर से मारा। जो मेरे सिर पर लगा।

### पहला वोट डालकर जताई खुशी

बुधनी में हाल ही में 18 साल की हुईं अपूर्वा ने अपना पहला वोट डाला। छिंदगांव मौजी की रहने वाली अपूर्वा बोलीं- मैंने वोट डालकर अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया है।

### मतदाता बोले- वोट नहीं डालने दे रहे बीजेपी कार्यकर्ता

विजयपुर के अंधीपुरा गांव में मतदाताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत टीआई पप्पू सिंह यादव से की है। उनका कहना है कि पुलिस वाले भी कुछ नहीं कर रहे हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी को पुलिस ने उठाया

विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा की पत्नी ने बताया कि वोट डालने से पहले ही पुलिस की 4-5 गाड़ी आईं और उन्हें साथ ले गईं। मामले में कराहल टीआई भारत सिंह ने कहा, 'मुकेश मल्होत्रा को सुरक्षा की दृष्टि से साथ लिया है। उन्हें पुलिस की गाड़ी से ही मतदान केंद्रों पर निरीक्षण कराएंगे।'

### केंद्रीय मंत्री बने शिवराज ने छोड़ी थी बुधनी सीट

इस सीट से 2023 विधानसभा चुनाव में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान जीते थे। लोकसभा चुनाव में जीतने के बाद उन्होंने बुधनी विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। यहां 363 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 140 संवेदनशील हैं। भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव शाहगंज में जबकि कांग्रेस उम्मीदवार राजकुमार पटेल बकतरा में मतदान करेंगे। उपचुनाव के लिए 1597 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 45 सेक्टर ऑफिसर और 5 फ्लाइंग स्कवॉड बनाए गए हैं।

### बुजुर्ग महिला बोली- सबसे पहले वोट डाला

बुधनी में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिख रहा है। 75 वर्षीय प्रेमबाई सुबह उठकर सबसे पहले वोट डालने बूथ पर पहुंची। उन्होंने कहा- सुबह उठकर मुंह धोने के बाद वे वोट डालने आ गई थीं।

### विजयपुर में जहां फायरिंग हुई, वहां विशेष सुरक्षा

सोमवार रात विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के धनाचया, दंगपुरा, पातालगढ़ और झरेर गांव में हुई हिंसा के बाद विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यहां आदिवासियों को धमकाया, मारपीट की गई। फायरिंग भी की गई। इसमें 11 लोग घायल हो गए थे। आज वोटिंग के लिए यहां 327 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 164 संवेदनशील केंद्रों पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। कुल 1440 कर्मचारी और 150 अफसर मतदान के लिए लगाए गए हैं। दो हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इनमें सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेस की 4 कंपनियां, सीआईएसएफ, एसएएफ, पुलिस और होमगार्ड के जवान शामिल हैं। सीसीटीवी से भी निगरानी की जाएगी।

**2014 में शहरी सीमा में शामिल हुए थे शहर के नजदीक वाले 29 गांव ..**

# एक दशक के बाद भी विकसित नहीं हो सके 29 गांव

- ◆ सड़क, पेयजल, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, स्टॉर्म वाटर
- ◆ सरकार ने नगर निगम ने बुलवाई गांवों की रिपोर्ट
- ◆ निगम 900 करोड़ के विकास कार्यों का प्रोजेक्ट बनाकर भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर। इंदौर नगर निगम सीमा में शामिल हुए 29 गांवों में अभी भी कई तरह की समस्याएं हैं। इन गांवों को शहरी सीमा में शामिल हुए एक दशक हो गया है लेकिन आज भी इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। 2014 को इंदौर नगर पालिका निगम में शहर के लगे 29 गांवों को शहरी सीमा में शामिल किया गया था। इन गांवों में सड़क, बिजली, नर्मदा की लाइन, ड्रेनेज जैसी सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जा सकी हैं।। निगम सीमा में आएं ये गांव 10 वार्डों में तब्दील हो गए है। अब इन गांवों को विकसित करने के लिए मोहन सरकार ने पूरी रिपोर्ट भोपाल बुलवाई है। नगर निगम ने दो दिन पहले लगभग 900 करोड़ रुपए का पूरा प्रोजेक्ट बनाकर सरकार के पास पहुंचा दिया है। राशि स्वीकृत होते ही गांवों को विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इससे पहले भोपाल से अधिकारियों का एक दल इंदौर आएगा और वह 29 गांवों का दौरा कर इसकी रिपोर्ट तैयार करेगा। उसके बाद स्वीकृत राशि जारी की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक लगभग 10 साल पहले यानी 2014 में शहर से लगे 29 गांवों को नगर निगम सीमा में शामिल किया गया था। तब से लेकर आज तक इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सड़क, पेयजल, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, स्टॉर्म वाटर और सीवर जैसे कार्य नहीं हुए है। इसी प्रकार यह भी जानकारी सामने आई है की इन गांवों में कृषि भूमि पर कई कालोनियां बन गई हैं और बड़ी इमारतें भी खड़ी हो गई हैं। गांवों में रहने वाले लोगों को मकान बेचने या ऋण लेने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि उनके पास रजिस्ट्री, पट्टा या अन्य दस्तावेज नहीं हैं। इन गांवों में रहने वाले लोग मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत भी कर चुके है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### प्रोजेक्ट भोपाल भेजा

पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहर के विकास कार्यों की समीक्षा करने आए थे, तब उनके सामने भी 29 गांवों में लोगों को मूलभूत सुविधा न मिलने का मुद्दा उठा था। इस पर उन्होंने कार्ययोजना बनाकर भोपाल भेजने का कहा था। इसके बाद निगम ने 29 गांव के वार्डों का सर्वे कर विकास कार्य करने का प्रोजेक्ट बनाया और फिर इस प्रोजेक्ट को कलेक्टर के माध्यम से भोपाल भेज दिया है। तकरीबन 850 से 900 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट बनाया गया है। इसके मंजूर होते ही और राज्य सरकार से पैसा मिलते ही 29 गांव के वार्डों की समस्या दूर होगी, क्योंकि 850 करोड़ रुपए से सड़क, पेयजल, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और स्टॉर्म वाटर के काम होंगे।

### पहले होगा सर्वे

जानकारी के मुताबिक 29 गांवों को विकसित करने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इन गांवों में क्या क्या कार्य किए जाने है इसको लेकर नगर निगम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को भेज दी है। बताया गया है की भोपाल से अधिकारियों की एक टीम जल्द ही इंदौर आने वाली है जो इन गांवों का सर्वे कर सरकार को रिपोर्ट पेश करेंगी। इसके बाद गांवों के विकास के लिए इंदौर नगर निगम को राशि जारी की जाएगी। 29 गांवों में आने वाले वार्ड-15, 16, 18, 19, 35, 36, 75, 76, 77 और 79 की कॉलोनी के रहवासी पिछले 14 वर्ष से पेयजल, सड़क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और बरसात के पानी भरने आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। साथ ही लगातार शिकायत निगम में करते आ रहे हैं, लेकिन यह काम नहीं हुए। अगर हुए भी तो बहुत कम। मेयर इन-कौंसिल (एमआइसी) से लेकर निगम परिषद की बैठक तक में 29 गांवों के लोगों की समस्याओं को लेकर बात होती रही, पर काम नहीं हुआ। पिछले दिनों सीएम के समक्ष महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 29 गांवों में विकास कार्य करने के लिए विशेष पैकेज देने की बात रखी थी।

### 4 करोड़ रुपए में रोशन होंगे 29 गांव

महापौर भार्गव का कहना है कि 850 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट है, जिसमें से तकरीबन 300 करोड़ रुपए ड्रेनेज की पाइप लाइन डालने पर खर्च होंगे। 29 गांव के वार्डों की कई कॉलोनी-मोहल्लों में ड्रेनेज की लाइन नहीं है। बाकी के पैसे सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और स्टार्म वाटर लाइन डालने का काम होगा। वैसे, इस प्रोजेक्ट के मंजूर होने के पहले निगम अपने स्तर पर 4 करोड़ रुपए खर्च कर 29 गांव के वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाकर रोशनी करेगा। स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर टेंडर बुलाए जा रहे हैं। प्रयास है कि पिछले 10 वर्ष से मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे लोगों को सारी सुविधा मिल सके।

# खजराना की बर्बाद हो चुकी सर्विस रोड अब ढाई करोड़ में बनेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना चौराहे पर रिंग रोड की सर्विस रोड पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। इस सर्विस रोड का नए सिरे से इंदौर नगर निगम के द्वारा निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर 2.5 करोड रुपए खर्च होंगे। सड़क निर्माण के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव भूमि पूजन कर चुके है।**

पिछले 2 साल से खजराना चौराहे पर इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य किया जा रहा था। पिछले दिनों इस फ्लाई ओवर ब्रिज की एक भुजा को यातायात के लिए खोल दिया गया है। दूसरी भुजा का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इस फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के दौरान मुख्य मार्ग के क्षेत्र को यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। ऐसी स्थिति में इस चौराहे का पूरा भारी यातायात सर्विस रोड से ही गुजर रहा था।

इस स्थिति के चलते हुए इस चौराहे की सर्विस रोड पूरी तरह से बर्बाद हो गई। यह सर्विस रोड यातायात का इतना दबाव सहन करने की स्थिति में नहीं थी। ऐसे में अब यह सर्विस रोड पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। ऐसी स्थिति में इस सर्विस रोड का नवनिर्माण करना जरूरी हो गया था । अब नगर निगम के द्वारा इस सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा इस कार्य पर 2.5 करोड रुपए की राशि खर्च होगी।

# गृह ज्योति योजना में पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने विद्युत उपभोक्ताओं को दी 151 करोड़ की सब्सिडी

**30 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को मिली 1 रुपए यूनिट बिजली**

### इंदौर जिले में सर्वाधिक चार लाख उपभोक्ता लाभान्वित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के ऊजार्मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निदेर्शानुसार अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को लाभान्वित किया जा रहा है। 10 नवंबर की स्थिति में पिछले बिल माह के दौरान 30 लाख 55 हजार उपभोक्ताओं को योजना से लाभावित कर प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट से उपलब्ध कराई गई है। एक माह में 151 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इंदौर रीजन के 8 एवं उज्जैन रीजन के 7 जिलों में अटल गृह ज्योति योजना का अत्यंत गंभीरता से संचालन कर प्रत्येक पात्र उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान की जा रही है। योजना के तहत प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट में उपभोक्ताओं को दी जाती है, शेष बिल राशि शासन से सब्सिडी के रूप में कंपनी को मिलती हैं। पात्र उपभोक्ता के 550 रूपए से ज्यादा की अधिकतम सब्सिडी प्रति बिल प्राप्त होती है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि इंदौर जिले में 4 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को योजना लाभ दिया गया है, इन्हें 17 करोड़ से ज्यादा की सब्सिडी दी गई है। धार जिले में तीन लाख उपभोक्ताओं को 16 करोड़, उज्जैन जिले में 2.80 लाख उपभोक्ताओं को 13.91 करोड़ ,खरगोन जिले में 2.69 लाख उपभोक्ताओं को 13.39 करोड़, रतलाम जिले में 2.28 लाख उपभोक्ताओं को 11.29 करोड़ की सब्सिडी एक माह में दी गई है। इसी तरह मंदसौर में 2.17 लाख उपभोक्ताओं को 10.54 करोड़, देवास में 2.16 लाख उपभोक्ताओं को 11 करोड़, बड़वानी में 2 लाख उपभोक्ताओं को 10 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। अन्य जिलों में 84 हजार से लेकर 1.75 लाख उपभोक्ताओं को 4 करोड़ से लेकर 8 करोड़ रूपए की सब्सिडी एक माह में बिजली बिल में दी गई है। इसी तरह मालवा निमाड़ यानि पश्चिम मप्र में कुल 30 लाख पचास हजार उपभोक्ताओं को 151 करोड़ रूपए की सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना में उपलब्ध कराई गई है। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि राज्य शासन की सब्सिडी का प्रत्येक बिजली बिल में उल्लेख होता हैं। योजना के तहत दैनिक 5 यूनिट अधिकतम खपत पर ही पात्रता है, इससे ज्यादा खपत होने पर माह विशेष में योजना लाभ नहीं दिया जाता हैं।

# बस ड्राइवर को सड़क पर थूकना पड़ा महंगा

**इंदौर। बस ड्राइवर को सड़क पर थूकना महंगा पड़ गया। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने उसे थूकते देखा तो जमकर फटकार लगाई और उसी से सफाई करवाई। वाकया मंगलवार सुबह विजय नगर क्षेत्र का है।**

निगम कमिश्नर सुबह निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने बस (MP-13 ZE-8883) के ड्राइवर संजय प्रजापत को थूकते देखा तो खूब नाराज हुए। फिर उसे फटकार लगाई और उसी से पानी डलवा कर स्पॉट की धुलाई करवाई। निगम कमिश्नर ने सीएसआई




अरविंद पथरोड को चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस पर पथरोड द्वारा ड्राइवर संजय प्रजापत का 500 रुपए का चालान बनाया और राशि वसूली। गौरतलब है कि देश में सात बार स्वच्छता में अव्वल इंदौर में 8वीं बार भी अवॉर्ड लेने के लिए निगम की टीम मेहनत कर रही है। साथ ही आमजन द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है। ऐसे लोग जो फिर भी उल्लंघन करते हैं, उन पर एक्शन लिया जा रहा है। अलकापुरी मूसा खेड़ी क्षेत्र स्थित मकान नंबर 99 के किराएदार ने सार्वजनिक स्थल पर थैले और पॉलीथिन में कचरा भरकर फेंका था। उससे भी 1500 रुपए का फाइन वसूला गया था।

# बगैर अनुमति के आयोजन करने पर लगाया गया प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन/अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं प्रतिबंधित होंगे।

# एमवाय अस्पताल में देर रात हुआ विवाद, तीन डॉक्टर, दो गार्ड घायल

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में देर रात विवाद हो गया। यहां पर मारपीट के दौरान तीन डॉक्टर और दो गार्ड घायल हो गए। पुलिस ने डॉक्टरों की शिकायत पर अटेंडर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के आला अधिकारी अलसुबह तक यहां मौजूद रहे।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक डॉ. श्वेतांक सोनी निवासी ब्लू डायमंड अपार्टमैंट पलासिया की शिकायत पर पुलिस ने दीपक पुत्र गोरेलाल सोलंकी, प्रदीप पुत्र गोरेलाल सोलंकी और उनके साथियों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने डॉ. श्वेतांक, डॉ. सांची पुत्र संतोष, डॉ. केशव पुत्र राजेन्द्र अग्रवाल, गार्ड राधा पति अरुण जोशी और एक अन्य गार्ड के साथ मारपीट की।

रात में मारपीट की घटना पर यहां काफी संख्या में जूनियर डॉक्टर इकट्ठा हो गए थे। पुलिस ने सुबह 4 बजे शासकीय कार्य में बाधा सहित 121,132, 296, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

डॉ. श्वेतांक ने बताया कि वे शिशु रोग विभाग में पदस्थ हैं। मंगलवार देर रात करीब 12 बजे वे चेस्ट वार्ड में बैठे थे। तभी शिशु वार्ड में भर्ती बच्चे के परिजन दीपक और प्रदीप सोलंकी उनसे बच्चे की तबीयत को लेकर विवाद करने लगे। हमने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन वे लगातार हमसे विवाद कर रहे थे। हमने अस्पताल के गार्ड को बुलाया। लेकिन अटेंडर गार्ड से भी विवाद करने लगे। इस बीच दीपक और प्रदीप के साथी हमारे चैंबर में घुस गए और वहां रखे डॉक्यूमेंट फैला दिये। बच्चे के परिजन के साथ मौजूद महिलाओं ने भी लेडी गार्ड के साथ मारपीट की।

उन्हें अपशब्द कहने से रोका तो दो लोगों ने बुरी तरह से मारपीट करने लगे। इस दौरान अन्य डॉक्टर बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। बाद में महिला गार्ड और अन्य पुरुष गार्ड को भी उन्होंने पीटा। हंगामा बढ़ते देख जूनियर डॉक्टर्स ने अपने साथी डॉक्टरों को भी बुला लिया। इस बीच एमवाय चौकी और संयोगितागंज पुलिस को भी सूचना दी गई।

### सूचना के बाद पहुंचे टीआई और अफसर

टीआई सतीश पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही देर रात हम अस्पताल पहुंच गए थे। हमने यहां फोर्स भी लगा दिया था। यहां पर डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटना हुई है। इसके विरोध में यहां सभी डॉक्टर हंगामा करते रहे। वे अटेंडर्स के खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने सुबह 4 बजे एफआईआर दर्ज की। इसके बाद डॉक्टर काम पर लौटे।

## पुराने विवाद में मुक्का मारा

इंदौर। हातोद थाना क्षेत्र के बागरी मोहल्ला में मो. रईस पिता सलीम खान निवासी प्रकाशबाग कालोनी को लखन उर्फ पडिया निवासी बागरी मोहल्ला ने पुराने झगड़े की बात को लेकर गालियां दी, जिसका रईस ने विरोध किया तो लखन ने गालियां देते हुए मुक्कों से मारपीट की। रईस की शिकायत पर हातोद पुलिस ने लखन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

## ब्लॉक लगाने पर विवाद

इंदौर। हातोद थाना क्षेत्र के कार वॉशिंग सेंटर हातोद में नगर परिषद द्वारा ब्लॉक लगाए जा रहे थे। ब्लॉक लगाने की बात पर विवाद हुआ और भट्टू पिता रमेश चौकसे निवासी बागरी मोहल्ला को राकेश निवासी मरीमाता चौराहा ने गाली देते हुए पीटा और जान से मारने की धमकी दे दी।

## ऑटो रिक्शा को मारी टक्कर

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र के एबी रोड रसलपुरा चर्च के पास किशनगंज में महिन्द्रा पिकअप यूपी-94 टी 5053 के चालक ने नाजिम खान पिता अब्दुल हफीज निवासी पत्ती बाजार महू की ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे मोहम्मद इदरीस को चोटें आई। नाजिम की शिकायत पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

## जुआरी पकड़ाए

इंदौर। सांवेर पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम बालोदा के खेत में खुलेआम जुआ खेल रहे मनीष सोनी निवासी आराधना नगर एरोड्रम रोड, मनोहर ग्राम खाकरोड, बंटी गौर शिवशक्ति नगर कुलकर्णी का भट्टा को जुआ एक्ट में ताश-पत्ते के साथ बंदी बनाया। इस जुए के दौरान पुलिस ने 43 हजार रु. की जब्ती भी दिखाई।

## रेती की बात पर हुआ विवाद

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र के रेतीमंडी परिसर मालीखेड़ी में रेती की बात पर विवाद किया। ओमप्रकाश पिता अजीत त्रिपाठी निवासी भवानी नगर सांवेर रोड ने पुलिस को शिकायत की कि उसे राहुल जाट ने गालियां देते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने ओम की शिकायत पर राहुल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

## ट्रक की टक्कर से घायल

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम कपालियाखेड़ी में ट्रक क्रमांक एमपी-09 एचएच 2244 के चालक ने पैदल जा रहे राजाराम को टक्कर मारी, जिससे राजाराम को जमकर चोंटे आई। इस मामले में घायल राजाराम की ओर से उनके दोयते योगेश पिता अमरसिंह राठौर निवासी बड़वानी पुलिस में शिकायत की और बताया कि उनके नाना को ट्रक ने 7 नवम्बर को टक्कर मारी, जिससे वे घायल है और पुलिस ने जांच के बाद कल प्रकरण दर्ज किया।

## बदमाशों ने रुपयों के लिए किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बदमाशों ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बदमाश उससे शादी के लिए पैसा मांग रहे थे। एमआईजी पुलिस के अनुसार अजीत पिता रामकिशन कुशवाहा निवासी सोमनाथ की जूनी चाल की शिकायत पर आरोपी राजेंद्र ,विनोद, प्रकाश और जोंटी कुशवाहा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों ने फरियादी को मरीमाता मंदिर के सामने सोमनाथ की जूनी चाल में ही रोका था। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह रोज की तरह दर्शन करने के लिए जा रहा था तभी आरोपियों ने उसे रोककर कहा कि उनके घर में शादी है, उन्हें पैसों की जरूरत है। फरियादी ने कहा कि उसके पास पैसा नहीं है तो आरोपियों ने गाली गलौज कर हमला कर दिया। उसे मारपीट कर उसकी सोने की चेन भी गिर गई। सोने की चेन खोने के बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# इवेंट फोटोग्राफर ने किया सुसाइड

### ऑनलाइन गेमिंग एप की लत के कारण कर्ज के चलते तनाव में था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इवेंट फोटोग्राफी का काम करने वाले एक युवक ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। वह ऑनलाइन गेमिंग एप के चलते कर्ज में दब गया था। इसके चलते वह काफी तनाव में था। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त किया है। मामले में जांच जारी है।**

हीरानगर पुलिस ने बताया कि विजय (21) पुत्र कैलाश पटेल, निवासी सुखलिया ने अपने घर पर मंगलवार को सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि उसके पिता ने उसे फंदे पर लटके हुए देखा। विजय को ऑनलाइन गेम खेलने की लत थी। इसके चलते उस पर कर्ज चढ़ गया था। जिसे लेकर वह डिप्रेशन में था। दो माह पहले उसे परिवार और दोस्तों ने समझाया भी था।

**माता-पिता का इकलौता बेटा था-** विजय फोटोग्राफी का काम करता था। उसके परिवार में दो बड़ी बहनें है। जिनकी शादी हो चुकी है। विजय अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। पिता एक व्यापारी के यहां काम करते हैं। उनके दिए गए मकान में ही रहते हैं। परिवार मूल रूप से धार का रहने वाला है। करीब 8 साल पहले विजय के पिता परिवार को लेकर इंदौर आ गए थे। इसके बाद से यहीं रहने लगे।

## बुलेट सहित दो गाड़ियों में आग, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

इंदौर। विजय नगर इलाके में बदमाशों ने दो गाडियों को जलाकर खाक कर दिया। उनकी ये हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विजयनगर थाने में विजय पिता बलदेव प्रसाद निवासी एमपीवी पावर हाउस के पीछे की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विजय ने पुलिस को बताया कि उसकी बुलेट घर के बाहरी खड़ी थी। सुबह उसने देखा तो गाड़ी जली हुई हालत में मिली। बुलेट के पास ही उसकी एक्टिवा भी रखी हुई थी। वह भी पूरी तरह से खाक हो गई । विजय अकोदिया ने अपने पडोसी के घर के सीसीटीवी फुटेज देखे तो देर रात तीन बदमाश गाडियों में आग लगाते हुए नजर आए। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## वैमनस्य उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और गतिविधियों को करने पर रोक

**इंदौर।** पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर इंदौर नगरीय सीमा में सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच में उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और अन्य गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 7 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा, जिसका प्रयोग आतंक उत्पन्न करने अथवा किसी हिंसात्मक गतिविधियों में किया जा सके। इन्दौर नगरीय पुलिस जिला की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहे नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मिडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा,जिससे किसी भी समुदाय को धार्मिक ठेस पहुंचे अथवा समाज में विद्वेष की भावना जागृत हो, यह कृत्य दण्डनीय अपराध है। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुडा कोई भी व्यक्ति भडकाऊ अथवा अफवाह फैलाने संबंधित कोई पोस्ट नहीं करेगा। यदि कोई ऐसा पोस्ट करता है, तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुये संबंधित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा। किसी भी साइबर कैफे के स्वामी / संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त,क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा।

# शगुन आर्केड बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर आग, धुएं में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के रसोमा लेबोरेटरी चौराहे के समीप शगुन आर्केड बिल्डिंग की दूसरी मंजिल के एक दफ्तर में मंगलवार शाम को आग लग गई। बिल्डिंग के चौथे माले पर वेंटिलेशन की पर्याप्त जगह नहीं है। इस कारण बिल्डिंग की चौथी, पांचवीं मंजिल पर धुआं भर गया और वहां पर दफ्तरों में काम करने वाला स्टॉफ फंस गया। इस कारण अफरा-तफरी मच गई।**

फायर ब्रिग्रेड की दमकल भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। मौके पर विजय नगर व आसपास के थानों की पुलिस भी पहुंच गई थी और उन्होंने उपरी मंजिल पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।

इस घटना में कोई घायल तो नहीं हुआ, लेकिन लोगों के फंसे रहने के कारण अफरा-तफरी मच गई। फंसे लोगों को धुएं के कारण सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। फंसे लोगों में कुछ महिला कर्मचारी भी थी।

धुएं में फंसे लोगों ने मदद के लिए अपने परिजनों व परिचितों को भी कॉल कर दिए।




इस कारण मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। संभवतः शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। मौके पर कलेक्टर आशीष सिंह व अन्य अधिकारी भी पहुंच गए थे।

बिल्डिंग की उपरी मंजिल पर पंद्रह से ज्यादा लोग फंस गए थे। उन्हें धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी भी हो रही थी, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर है, लेकिन प्राथमिक इलाज के लिए समीप के मेंदाता अस्पताल पहुंचाया। एक युवती धुएं के कारण बेहोश भी हो गई थी।

# सीएम बोले- विजन डॉक्यूमेंट @ 2047 का ड्राफ्ट तीन माह में कैबिनेट में प्रस्तुत करें, मंत्री दें सुझाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विजन डॉक्यूमेंट @ 2047 विकसित मध्य प्रदेश का आधार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से 'विकसित मध्यप्रदेश @ 2047 विजन डॉक्यूमेंट' तैयार किया जा रहा है। पिछले सप्ताह इस संबंध में नीति आयोग के सीईओ बीवी आर सुब्रमण्यम ने राज्य के प्रमुख अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को अपने-अपने विभागों में विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में डॉक्यूमेंट का प्रारूप कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम् के गान के साथ आरंभ हुई।



### पीएम आवास योजना में 2.50 लाख रुपये का अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट के सहयोगियों को प्रदेश में शहरी विकास और शहरी प्लानिंग के संबंध में अपने सुझाव नगरीय विकास एवं आवास विभाग से साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरों को झुग्गी मुक्त किए जाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी सहित अन्य घटकों में कार्य जारी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 9 लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू की गई, इसमें पहले की तरह स्वयं की भूमि पर 2 लाख 50 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। बता दें, इस योजना में ग्रामीण इलाको में 1.50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है।

### बिरसा मुंडा के कार्यक्रम को पीएम करेंगे संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाने वाली भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार और शहडोल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे।

## दोस्तों के साथ नदी नहाने गए दो बच्चों की मौत, पाटन की घटना

### परिजनों का रोकर बुरा हाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** पाटन थानान्तर्गत गुरू मोहल्ला निवासी पांच बच्चे मंगलवार की दोपहर हिरन नदी में नहाये गये थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने के कारण दो बच्चों की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बच्चों को बचाने का प्रयास किया परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे जग्गू राठौर पिता सोनू राठौर उम्र 12 वर्ष, सुजीत रैकवार पिता कृष्ण कुमार रैकवार उम्र लगभग 12 वर्ष, तन्नू बर्मन पिता राजेश बर्मन उम्र लगभग 15 वर्ष, कार्तिक पटेल पिता गुड्डू पटेल उम्र लगभग 11 वर्ष एवं उदय बर्मन पिता मन्नू बर्मन उम्र लगभग 12 वर्ष सभी निवासी गुरु मोहल्ला पाटन नहाने के लिए हिरण नदी के छीपा घाट पहुंचे थे। नहाते समय बच्चे मस्ती-मस्ती में कार्तिक पटेल एव उदय गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने बच्चों को डूबता देखा तो उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गये। स्थानीय लोगों ने दो बच्चों को बाहर निकाला और इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गयी थी। पुलिस ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल पाटन लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मृतक दोनों बच्चे एक साथ तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 7वी में पढ़ते थे। दोनों अच्छे दोस्त होने के साथ पढाई में भी तेज थे। इस घटना में क्षेत्र में गम का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

## काम दिलाने के बहाने राजस्थान ले जाकर महिलाओं को बेचा, मानव तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हबीबगंज पुलिस ने मानव तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वह भोपाल से छोड़कर पीथमपुर जाने वाला था। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।**

इस प्रकरण के अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार हबीबगंज इलाके में रहने वाली एक महिला शादी पार्टी में खाना बनाने का काम करती थी। फरवरी 2024 में साथ काम करने वाली दो महिलाओं ने उसे शहर से बाहर काम पर चलने का बोला था। महिला तैयार हो गई तो दोनों महिलाएं और उनके साथी उसे राजस्थान लेकर पहुंचे। यहां एक देवीलाल गर्ग नामक एक व्यक्ति के पास महिला को बेच दिया और बाकी लोग वापस भोपाल लौट आए।

देवीलाल ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और पत्नी बनाकर रख लिया। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उसने उसे कमरे में बंधक बनाकर रखा। इधर महिला के गायब होने के बाद परिजनों ने हबीबगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सितंबर महीने में दस्तयाब हुई महिला महिला की तलाश में जुटी टीम ने सितंबर के महीने में उसे राजस्थान से दस्तयाब किया था।

इस मामले में आरोपी देवीलाल गर्ग निवासी राजस्थान, छाया देशमुख निवासी मल्टी हबीबगंज, पूजा धानक निवासी बीडीए मल्टी के पास हबीबगंज, संतोष भालेराव निवासी दशहरा मैदान टीनशेड टीटी नगर को गिरफ्तार किया था। उसके बाद शादी करवाने वाले पंडित हिम्मतलाल पालीवाल निवासी राजसमंद राजस्थान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्रकरण का एक आरोपी मनोज उर्फ मुकेश भालेराव निवासी टीनशेड टीटी नगर फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित था। मंगलवार को पुलिस ने उसे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। वह ट्रेन में बैठकर पीथमपुर जाने वाला था।

### एमपी के गांवों में बनेंगे 3.50 लाख पीएम आवास

**भोपाल।** एमपी के ग्रामीण इलाकों में पीएम आवास योजना 2.0 के तहत 3.50 लाख मकान बनाए जाएंगे। एक मकान के लिए डेढ़ लाख रुपए की सरकारी मदद मिलेगी। डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट ने मंगलवार को बैठक में इसकी मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पीएम आवास योजना में एमपी को भी टारगेट मिला है। कैबिनेट बैठक में इस पर चर्चा हुई है। एमपी में आने वाले समय में पीएम आवास योजना के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण इलाकों में समान काम किया जाएगा। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अफसरों का कहना है कि गांवों में 15 लाख ग्रामीणों को आवास की जरूरत है। पहले चरण में जो मंजूरी मिली है, उसके बाद और टारगेट भेजे जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में पीएम आवास के पहले चरण की कैबिनेट में मंजूरी मिलने के बाद अब शहरी क्षेत्र के लिए भी कैबिनेट में प्रस्ताव आएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। शहरी क्षेत्र के लिए पीएम आवास 2.0 की गाइड लाइन आ चुकी है। इसके मुताबिक चार स्तर पर काम होगा– 1. पहला –मकान के लिए आर्थिक मदद मिलेगी, 2. सरकार सस्ते मकान बनाकर देगी, 3. किराए पर भी मकान मिलेगा,4. होम लोन के ब्याज पर सब्सिडी दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में ढाई लाख रुपए तक की आर्थिक मदद मिलेगी।

### एमपी में आकर फंस गई रशियन गर्ल!

## अश्लील डांस करने से मना किया तो मिली सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** जिले के एक सिटी सेंटर में एक बार में जब एक रशियन गर्ल ने डांस करने से मना किया तो हंगामा शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि एक एजेंट उसे रेस्टोरेंट में जॉब दिलाने के लिए ग्वालियर बुलाया था। जब उस लड़की को असली काम का पता चला तो उसने डांस करने से मना कर दिया, जिसके बाद एजेंट ने उसका पासपोर्ट छीन लिया।

उसके बार बार कहने पर भी उसने लौटाने से मना कर दिया। वह रशियन गर्ल एक आम आदमी की मदद से विश्वविद्यालय थाना पहुंची और अपनी पूरी बताई। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर तत्काल एक्शन लेते हुए पासपोर्ट छीनने वाले को पकड़ लिया है। आवश्यक प्रक्रिया के बाद उसका पासपोर्ट लौटा दिया है। शहर के एक एजेंट ने एक रशियन लड़की को होटल में कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी देने के लिए बुलाया था। किरमिया की रशियन गर्ल यूलिया 24 अक्टूबर को दिल्ली (भारत) आई थी। वह जब ग्वालियर पहुंची तो एजेंट ने उसे सिटी सेंटर स्थित एक बार में डांस के लिए भेज दिया और उसका पासपोर्ट जमानत के तौर पर अपने पास रख लिया।



यूलिया को जब सच पता चला तो वह डांस करने से मना कर दी और रूस वापस लौटने के लिए अपना पासपोर्ट मांगा, लेकिन बार संचालक और एजेंट ने उसका पासपोर्ट लौटाने से मना कर दिया। 19 दिन ग्वालियर और दिल्ली भटकने के बाद यूलिया एक आम की मदद से ग्वालियर डीएसपी के पास पहुंची। यहां रशियन गर्ल ने रोते हुए डीएसपी हिना खान को अपनी बात बताई। डीएसपी हिना खान ने उसे बैठाया और बात करना चाहा, लेकिन वह हिंदी और अंग्रेजी बोलना नहीं जानती थी। वह रशियन भाषा में ही बात कर पा रही थी। इसके बाद रशियन लैंग्वेज बोलने और समझने वाले मीडिएटर की मदद से डीएसपी ने उससे बात की। इस दौरान महिला रोने लगी और बोली कि उसे जिस एजेंट ने बुलाया था, वह नौकरी के बहाने बुलाकर जबरन क्लब में नचाना चाहता था। मैं डांस नहीं चाहती हूं।

## पहले टक्कर मारी फिर 20 लाख लूटे, पुलिस ने दर्ज किया एक्सीडेंट व मारपीट का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थानांतर्गत पॉलीटेक्निक चौराहे के पास जीरा कारोबारी के दो कर्मचारियों के साथ बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने टक्कर मारने के बाद मारपीट कर दी और डिग्गी में रखे 20 लाख रुपये लेकर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंट और मारपीट का केस दर्ज किया है। रुपये लूटे गए अथवा नहीं, इसको लेकर तस्दीक की जा रही है। पुलिस लूट को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार राज सिंग पुत्र दिलीप सिंह (23) मेहसाणा गुजरात का रहने वाला है। फिलहाल वह अमलतास कॉलोनी फेस-3 चूनाभट्टी में रहता है। राज सिंह अपने दोस्त सुनील के साथ जतिन नामक एक जीरा कारोबारी के पास काम करता है। रविवार को दोनों कर्मचारी जुमेराती बाजार से स्कूटर से चूनाभट्टी स्थित घर लौट रहे थे। शाम करीब पौने सात बजे वह पॉलीटेक्निक चौराहे से रोशनपुरा की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में उनके मालिक का कुछ सामान लाने के लिए फोन आया। स्कूटर चला रहा राज सिंह फोन पर बातचीत करते हुए चलने लगा। उस वक्त उसके आसपास दो-तीन मोटरसाइकिलें और चल रही थीं। बाणगंगा नाले के पास पीछे से आ रहे एक बाइक चालक ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे वह वह गिर पड़ा। राज ने उसे ठीक से गाड़ी चलाने की समझाइश दी तो बाइक सवार गाली-गलौज करते हुए पाइप निकाल कर साथी सुनील को मार दिया। तब उसके अन्य साथी भी पहुंच गए और राज के साथ भी मारपीट करने लगे। पिटाई से बचने के लिए दोनों स्कूटर छोड़कर बाणगंगा चौराहे की तरफ भागे और वहां मौजूद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट इधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची श्यामला हिल्स पुलिस ने राज सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ एक्सीडेंट और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया।

## संपादकीय

# नियम की हो रही अनदेखी

आम राय यही है कि नाबालिगों को शराब की लत से दूर रखा जाना चाहिए। इस क्रम में देश भर में शराब खरीदने के लिए न्यूनतम उम्र निर्धारित की गई है, हालांकि किसी राज्य में इसके लिए पच्चीस वर्ष की उम्र निर्धारित है, तो किसी राज्य में इक्कीस। कम से कम अठारह वर्ष की सीमा हर जगह तय की गई है कि इससे कम उम्र के बच्चों को शराब नहीं बेची जाएगी। मगर हालत यह है कि कई बार इससे भी कम आयु के बच्चे शराब खरीदते दिख जाते हैं। शराब की दुकानों पर शायद ही कहीं इस बात की व्यवस्था होती है कि शराब खरीदने वाले की उम्र जांची जाए। इसी मसले पर एक स्वयंसेवी संगठन की याचिका में उठाए गए सवालों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें शराब की दुकानों और अन्य विक्रय स्थलों पर उम्र की जांच के लिए एक प्रभावी नियमावली और एक सुदृढ़ नीति बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दरअसल, शराब की बिक्री और उसका सेवन करने को लेकर नियम-कायदे तो बना दिए गए हैं, मगर उस पर अमल को लेकर गंभीरता शायद ही कहीं दिखती है। इतना तय है कि अगर शराब पीने की न्यूनतम आयु का निर्धारण किया गया है तो इसके पीछे यह धारणा काम करती है कि इससे कम उम्र में शराब के सेवन से सेहत को नुकसान पहुंचेगा। इस तरह की शर्तों के पीछे मुख्य भावना यह है कि बच्चों को शराब के दायरे से दूर रखा जाए। विचित्र है कि इस पर अमल के लिए किसी तरह की नियमावली और नीति तय नहीं की गई है कि अगर दुकान पर कोई व्यक्ति शराब खरीदने गया है तो उसकी उम्र की जांच हो। नतीजतन, दुकानदारों को सिर्फ बेचने से मतलब होता है और शराब के शौकीन या लती बेहिचक खरीदते हैं, वे निर्धारित उम्र की शर्त पालन करते हों या नहीं। एक तरफ यह बच्चों या किशोरों में शराब की लत को बढ़ावा देता है या इसकी अनदेखी करता है, दूसरी ओर इस तरह सरेआम इससे संबंधित कानून को भी धता बताया जाता है। इसीलिए याचिका में सुझाव दिया गया है कि शराब बेचने वाले सभी स्थानों पर ऐसे लोगों की उम्र की जांच करने की व्यवस्था की जानी चाहिए जो तीस वर्ष से कम उम्र के लग रहे हों। इसके लिए सरकार की ओर से जारी आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड या अन्य पहचान प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, पार्टी में बच्चों को शराब मुहैया कराने वाले आयोजकों की जिम्मेदारी तय करने और जुर्माना लगाने की भी सलाह दी गई है। विडंबना यह है कि चूंकि शराब की बिक्री सरकारों के लिए राजस्व का एक बड़ा जरिया है, इसलिए वे इससे संबंधित कई नियम-कायदों की अनदेखी करती हैं। कई जगहों पर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे शराब की दुकानों की शृंखला जैसी दिखती है। यहां तक कि मांग के आधार पर शराब घर तक पहुंचाए जाने का चलन बढ़ रहा है। आसान तरीके से शराब मिल जाना नई पीढ़ी के लिए उसकी ओर आकर्षित होने का एक बड़ा कारण है। सेहत पर असर और सड़क हादसों में इसकी भूमिका की वजह से पहले भी शराब के सेवन को नियंत्रित करने की बात कही जाती रही है। जरूरत इस बात की है कि सरकार इससे संबंधित एक स्पष्ट नीति और नियमावली तैयार कर उस पर अमल सुनिश्चित करे।

### अर्ज़ किया है..!

*तुम राह में चुप-चाप*
*खड़े हो तो गए हो*
*किस किस को बताओगे कि*
*घर क्यूँ नहीं जाते*

*- अमीर क़ज़लबाश*

## OSHO कहिन

**"सवाल यह नहीं है कि कितना सीखा जा सकता है, बल्कि सवाल ये है कि कितना भुलाया जा सकता है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# महाद्वीप मिल जाएंगे सूरज उगलेगा आग...

## धरती की तबाही और इंसानों के विलुप्त होने पर नई रिसर्च में सनसनीखेज दावा



धरती पर लगातार बढ़ता हुआ तापमान बड़ी तबाही की वजह बन सकता है। एक नई रिसर्च से पता चला है कि भविष्य में अत्यधिक तापमान डायनासोर के बाद पृथ्वी पर पहली बार बड़े पैमाने पर विलुप्त होने का कारण बन सकता है। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के एलेक्जेंडर फार्न्सवर्थ के नेतृत्व में नेचर जियोसाइंस में भविष्य के सुपरकॉन्टिनेंट और दूसरे जलवायु परिवर्तनों के प्रभाव का पता लगाने के लिए रिसर्च की गई है। इसी रिसर्च में ये डराने वाले संकेत मिले हैं।

रिसर्च कहती है कि पृथ्वी के महाद्वीप आखिरकार एक भूभाग (लैंडमास) में विलीन हो जाएंगे, जिसे पैंजिया अल्टिमा कहा जाता है। यह सुपरकॉन्टिनेंट पृथ्वी की जलवायु को नाटकीय रूप से बदल सकता है। इससे बहुत गर्म और शुष्क परिस्थितियां बन जाएंगी, जहां जिंदा रहना संभव नहीं होगा। ये इंसानों के खात्मे की वजह बन जाएगी।

### रिसर्च में इस्तेमाल हुआ खास मॉडल

इस रिसर्च में टीम ने सुपरकंप्यूटर जलवायु मॉडल का उपयोग किया है। इस मॉडल के जरिए टीम ने दिखाया कि कैसे यह लेआउट मनुष्यों के लिए एक खराब ग्रह बना सकता है। डॉक्टर फार्न्सवर्थ का कहना है कि नए उभरे सुपरकॉन्टिनेंट से तिहरी मार पड़ेगी। इसमें महाद्वीपीय प्रभाव, गर्म सूर्य और वायुमंडल में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड शामिल है। ये ग्रह के अधिकांश भाग में बेतहाशा गर्मी बढ़ाएगी।

फार्नस्वर्थ की 'ट्रिपल व्हैमी' बताती है कि ये तीन कारक असहनीय तापमान बढ़ने की वजह बनेंगे। पहले यानी महाद्वीपीय प्रभाव की बात की जाए तो जैसे-जैसे भूमि ठंडे महासागरीय प्रभावों से दूर होती जाएगी, महाद्वीप पर तापमान बढ़ता जाएगा। दूसरे यानी चमकदार सूर्य से मतलब ये है कि सूरज बहुत ज्यादा ऊर्जा उत्सर्जित करेगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी। वहीं बढ़ी हुई कार्बन डाइऑक्साइड की बात करें तो टेक्टोनिक शिफ्ट से ज्वालामुखी गतिविधि अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ेगी, इससे वायुमंडल में गर्मी बरकरार रहेगी।

### भोजन और पानी नहीं बचेगा!

डॉक्टर फार्नस्वर्थ ने चेताते हुए कहा है कि इस कॉम्बिनेशन से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 50 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री से 122 डिग्री फारेनहाइट) के बीच हो जाएगा। साथ ही दैनिक चरम सीमा और आर्द्रता भी बढ़ सकती है। इस गर्मी को इंसान समेत दूसरे जीवों को झेलना मुश्किल होगा। रिसर्च से संकेत मिलता है कि पैंजिया अल्टिमा के केवल 8 प्रतिशत से 16 प्रतिशत स्तनधारियों के लिए उपयुक्त होने की संभावना है। ज्यादातर भूभाग को बहुत गर्मी और सूखे का सामना करना होगा, इससे भोजन और पानी की भयावह कमी होगी।

रिसर्च ने इस ओर ध्यान दिलाया है, हालांकि यह परिदृश्य लाखों साल दूर है। इसके बावजूद शोधकर्ता आज के जलवायु संकट की ओर ध्यान देने पर जोर देते हैं। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में रिसर्च फेलो डॉक्टर यूनिस का कहना है कि हमारे वर्तमान जलवायु संकट को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, जो ग्रीनहाउस गैसों के मानव उत्सर्जन का परिणाम है।

Tamil Nadu

# प्रेमियों का एक दूसरे को चूमना स्वभाविक है, मद्रास हाईकोर्ट ने रद्द किया यौन उत्पीड़न का केस

**चेन्नई, (एजेंसी)** मद्रास हाईकोर्ट का कहना है कि प्रेम करने वाले युवक और युवती के बीच गले लगना और चूमना स्वभाविक सी बात है। हाल ही में एक याचिका पर सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे युवक को राहत दी है। खबर है कि उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए के तहत जारी आपराधिक कार्यवाही को खत्म करने का निर्देश दिया है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, याचिका पर सुनवाई कर रहे जस्टिस आनंद वेंकटेश ने कहा, 'IPC की धारा 354-A(1)(i) के तहत अपराध होने के लिए पुरुष की तरफ से शारीरिक संपर्क बनाना जरूरी है, जिसमें



अस्वीकार्य और स्पष्ट यौन गतिविधियां शामिल है। किशोरावस्था में प्रेम प्रसंग में चल रहे दो लोगों के बीच गले लगना या चूमना स्वभाविक है। किसी भी तरह से यह IPC की धारा 354-A(1)(i) के तहत अपराध नहीं हो सकता।'

संथनगणेश की तरफ से एक याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें उन्होंने ऑल वुमन पुलिस स्टेशन की तरफ से उनके खिलाफ दर्ज FIR रद्द करने की मांग की थी। यह FIR IPC की धारा 354-A(1)(i) के तहत दर्ज की गई थी। आरोप थे कि शिकायतकर्ता के साथ प्रेम संबंध में रहे याचिकाकर्ता ने उसे 13 नवंबर 2022 को एक जगह पर बुलाया था। आरोप लगाए गए कि जब दोनों बातचीत कर रहे थे, तब याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता को गले लगाया और चूम लिया।

New Delhi

## दिल्ली में गैंगस्टर्स के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन, लॉरेंस बिश्नोई, नीरज बवानिया, काला जठेड़ी के ठिकानों पर रातभर छापे



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई सहित कई गैंगस्टर्स के खिलाफ एक्शन लिया है. जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गैंगस्टर्स और उनसे जुड़े गुर्गों के ठिकानों पर रात भर छापेमारी चली है. सूत्रों के मुताबिक, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, कौशल चौधरी गैंग, हिमांशु भाऊ गैंग, काला जठेड़ी, हाशिम बाबा, छेनू गैंग, गोगी गैंग, नीरज बवानिया, टिल्लू ताजपुरिया गैंग से जुड़े एक्टिव लोगों और वॉन्टेड बदमाशो के ठिकानों में छापेमारी हुई है. इस दौरान कुछ बदमाशों को हिरासत में भी लिया गया है और सभी पूछताछ चल रही है.

पुलिस ने छापेमारी से पहले जानकारी जुटाई थी. इसके बाद पूरी तैयारी के साथ बाहरी दिल्ली के इलाके, द्वारका के इलाके, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, नरेला, कंझावला और संगम विहार जैसे इलाकों में दिल्ली पुलिस के द्वारा छापामारी की गई. इस छापेमारी में स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और जिले की स्पेशल स्टाफ और लोकल थाना की पुलिस शामिल थी. इन दिनों लॉरेंस गुजरात की साबरमती जेल में बंद है. लॉरेंस की ओर से धमकी दी गई है कि सलमान खान और दाउद गैंग की मदद करने वाले अपना हिसाब-किताब रखें. इसके बाद से पुलिस को शक है कि सलमान खान से करीबी के चलते ही बाबा सिद्दीकी की हत्या की गई. ऐसा पहली बार नहीं है कि बिश्नोई गैंग ने हत्या की किसी वारदात को अंजाम दिया हो, इससे पहले भी पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की कराई गई थी।

Maharashtra

## उद्धव ठाकरे के बाद नितिन गडकरी के हेलीकॉप्टर की भी चुनाव आयोग ने की जांच, भड़क गई थी शिवसेना

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के लातूर में मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हेलीकॉप्टर की चुनाव अधिकारियों द्वारा जांच की गई। वह वहां चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। उनसे पहले शिवसेना (UBT) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के बैग की दो बार जांच की गई थी। ठाकरे ने जांच को लेकर सवाल उठाया था और पूरे घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए अधिकारियों को सबक सिखाने की बात कही थी। अब लातूर में चुनाव अधिकारियों के द्वारा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हेलीकॉप्टर में रखे गए बैगों की जांच की गई है। इससे पहले दिन में चुनाव आयोग के सूत्रों ने उद्धव ठाकरे के बैगों की चांच को एसओपी का हिस्सा बताया। ठाकरे के बैग की दो बार जांच ने इस विवाद को जन्म दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने इसे विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष को परेशान करने के लिए की गई एक अनावश्यक कार्रवाई बताया।



Jammu & Kashmir

## कश्मीर घाटी और हिमाचल में पहाड़ियों पर बर्फबारी से सड़कें बंद, रातभर फंसे रहे सैलानी

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में पहाड़ियों पर बारिश और बर्फबारी से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। कश्मीर घाटी में भारी हिमपात से गुरेज-बांदीपोरा राजमार्ग समेत कई सड़कें बंद हो गईं, जिससे कई पर्यटक घंटों फंसे रहे। बर्फबारी के चलते हिमाचल में पांगी जाने वाला मार्ग बंद करना पड़ा। इसके चलते बड़ी संख्या में वाहन रास्ते में फंसे रहे और सैलानियों को वाहनों में ही रात गुजारनी पड़ी। जम्मू-कश्मीर में गुरेज-बांदीपोरा राजमार्ग खोलने के लिए सीमा सड़क संगठन की टीम बर्फ हटाने के लिए मशीनरी के साथ जुटी रही। घंटों की मशक्कत के बाद श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यातायात बहाल हुआ। कश्मीर के शोपियां जिले को राजोरी व पुंछ से



जोड़ने वाले मुगल रोड पर 19 घंटे बाद मंगलवार दोपहर दो बजे वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। राजदान पास पर लगभग 4-5 इंच बर्फबारी हुई, जिससे सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई। यहां 20 वाहन फंस गए।

खेल

# तीसरे टी20 में बदल जाएगी भारत की प्लेइंग 11? सूर्यकुमार को बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**सेंचुरियन, (एजेंसी)** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी20 मुकाबला सेंचुरियन में खेला जाएगा। इस दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। रविवार यानी 10 नवंबर को खेले गए मैच में मेजबानों ने सूर्यकुमार यादव की टीम तीन विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी की थी। अब भारतीय टीम इस मैच में वापसी करना चाहेगी।

तीसरे टी20 मैच में फैंस को भारतीय बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। पिछले मैच में पूरी टीम नाकाम रही थी। भारत की चिंता का सबब उसके बल्लेबाजों का खराब फॉर्म भी है। सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच भी गकेबरहा की पिच की ही तरह तेज और उछाल भरी है।

दूसरे टी20 में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने काफी परेशान किया था और भारतीय टीम छह विकेट पर 124 रन ही बना सकी





थी। शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा लगातार नाकाम रहे हैं और इससे पहले कि टीम प्रबंधन संयोजन में बदलाव की सोचे, उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी।

सीनियर बल्लेबाज कप्तान सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और रिंकू सिंह को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सूर्यकुमार और रिंकू लय में नहीं है जबकि पांड्या ने दूसरे मैच में 39 रन बनाने के लिए 45 गेंदें खेल डाली। उन्हें पहला चौका जड़ने के लिए 28 गेंद तक इंतजार करना पड़ा। इन तीनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जबकि सैमसन को पिछले मैच की नाकामी भुलाकर बड़ी पारी खेलनी होगी।

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने डरबन में 25 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन दूसरे मैच में 41 रन दे डाले और एक ही विकेट मिला। उन्होंने तीसरे और चौथे ओवर में 28 रन दे डाले जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स ने चार चौके लगाए। उन्हें भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा वरना यश दयाल या विशक विजयकुमार को मौका मिल सकता है। पिछले मैच में पांच विकेट लेने वाले वरूण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा बखूबी संभाला है। वे इस प्रवाह को कायम रखना चाहेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम, डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाए हैं ।स्टब्स और गेराल्ड कोएत्जी ने दूसरे मैच में टीम को जीत दिलाई। अब अनुभवी बल्लेबाजों को जिम्मेदारी संभालनी होगी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 इस प्रकार है... भारत**: संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, विजय कुमार विशक, अर्शदीप सिंह। **दक्षिण अफ्रीका**: एडेन मार्करम (कप्तान), रियान रिकल्टन, रीजा हैंड्रिक्स, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, मार्को येनसेन, आंदिले सिमेलाने, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, नकाबायोम्जी पीटर।

सिनेमा

## भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह से मांगी 50 लाख की रंगदारी, 2 दिन में नहीं दिया तो जान से मारने की धमकी



मशहूर भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. भोजपुरी की सबसे पॉपुलर और सबसे ज्यादा पेड एक्ट्रेस से फोन कॉल पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है. शॉकिंग बात ये है कि रंगदारी ना देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई है. जानकारी के अनुसार फोन करने वाले ने कहा है कि यदि 2 दिन के अंदर ये रकम नहीं दी गई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा. एक्ट्रेस अक्षरा सिंह नेबिहार के दानापुर थाने में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है. उन्होंने अज्ञात लोगों के विरुद्ध दानापुर थाने में लिखित शिकायत दी है. अक्षरा खुद भी दानापुर में ही रहती हैं. उनकी शिकायत के बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई है और मामले की जांच की जा रही है. बताया जा रहा है कि फोन करने वाले ने अक्षरा से रंगदारी मांगने और धमकी देने के साथ-साथ उन्हें गालियां भी दीं. अक्षरा ने 2010 में भोजपुरी स्टार रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से एक्टिंग डेब्यू किया था. वो भोजपुरी के बड़े एक्टर्स पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के साथ फिल्मों में काम कर चुकी हैं. उन्हें भोजपुरी की सबसे पॉपुलर और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेज में गिना जाता है. भोजपुरी के अलावा अक्षरा ने हिंदी टीवी पर भी काम किया है.

## Highlights

1. **Vote with full enthusiasm: PM Modi as voting begins in J'khand**
2. **What is the 'wedding invitation' scam?**
3. **Yoga guru Sharath Jois passes away after suffering heart attack aged 53**
4. **Voting begins in Phase 1 of Jharkhand Assembly polls**
5. **Menstrual policy for schoolgirls approved: Govt tells Supreme Court**
6. **Thick smog engulfs Delhi-NCR as AQI crosses 350-mark**

# Instagram, Facebook users in Europe to get less personalised ads, low-cost plans

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta Platforms is set to come up with a new feature where Instagram and Facebook users in Europe will be given a choice of "less personalised ads," a proactive measure announced on Tuesday to address growing regulatory scrutiny.

Beginning in the coming weeks, users across Europe who enjoy free access to the platforms will have the option to see ads that are determined by "context." This means the content users will be able to engage within a particular session.

This approach will also consider demographic factors such as age, gender, and location, though some ads may still be unskippable for a brief moment.

The move comes in response to demands from EU regulators, recognising the need for increased transparency and user control in advertising.

Meta to lower the cost of ad-free subscriptions

In a significant move, Meta will also lower the cost of ad-free subscriptions by about 40% for users in Europe, making it more accessible for those seeking an uninterrupted experience.




This initiative arrives as European regulators are intensifying their efforts to rein in the influence of Big Tech and foster a fairer environment for smaller companies, particularly under the newly implemented Digital Markets Act (DMA).

This important EU legislation is designed to facilitate easier transitions between competing online services, from social media platforms to app stores.

A spokesperson for the EU emphasised that the new model introduced by Meta is under Meta's sole responsibility, and it is neither endorsed by nor agreed with the Commission.

"The new model introduced by Meta is under Meta's sole responsibility, and it is neither endorsed by nor agreed with the Commission. It is premature to speculate about the impact on the pending non-compliance proceedings," a spokesperson for the EU told Reuters.

Europe's top court's ruling on Meta

In a recent ruling, Europe's highest court mandated that Meta must limit the use of personal data from Facebook for targeted advertising, backing privacy activist Max Schrems.

# Radhika Merchant changes name to Radhika Ambani, opens up about work in first interview after marriage

**NEW DEIHI, (Agency).** Radhika Merchant, now appearing as Radhika Ambani, has officially adopted her married name following her high-profile wedding to Anant Ambani, son of Mukesh and Nita Ambani. The couple tied the knot on July 12 in an extravagant celebration attended by celebrities and dignitaries. In her first interview since joining the Ambani family, Radhika spoke to Entrepreneur India about her professional journey and future aspirations.



In her role as Executive Director of Domestic Marketing at Encore Healthcare, Radhika Ambani is determined to strengthen the company's foothold in India, with a particular focus on the southern regions. She highlighted the importance of leveraging technology to ensure that high-quality healthcare products are accessible across the country.

Radhika's leadership approach is rooted in valuable lessons learned during her early career at her father Viren Merchant's company, Encore Healthcare. Starting out as a medical representative (MR), she immersed herself in understanding the company's operations from the ground up.

# 11 दवाइयों पर प्रतिबंध, दवा व्यापारी को रिकॉर्ड में रखना होगा डॉक्टर का पर्चा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। इंदौर में 11 से अधिक दवाइयों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। डॉक्टर के पर्चे के बिना यह दवाइयां सीधे नहीं मिलेंगी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए नई एडवायजरी जारी की है। इंदौर में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और जनसामान्य के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कई दवाइयों की डायरेक्ट मेडिकल स्टोर से बिक्री पर बैन लगा दिया है। केवल डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से ही यह दवाइयां मिलेंगी। मेडिकल स्टोर संचालन को दवाइयां देने की जानकारी का पूरा रिकार्ड भी रखना होगा। उन्हें दवा देने के बाद डॉक्टर के पर्चे की छायाप्रति रखना अनिवार्य होगा। इस संबंध में पुलिस के द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

**इन दवाइयों की डायरेक्ट बिक्री पर बैन-** समस्त नाईट्राजेपाम टेबलेट्स (समस्त नाईट्रावेट टेबलेट्स), समस्त क्लोनेजेपाम टेबलेट्स, समस्त डायजेपाम टेबलेट्स, समस्त ऑक्साजीपाम टेबलेट्स, समस्त इटिजोलाम टेबलेटस, समस्त एल्प्राजोलम टेबलेटस, समस्त कोडीन फास्फेट सिरप/टेबलेटस, क्लोजापाम टेबलेटस (फीजीयम टेबलेट आदि)। गर्भपात/गर्भसमापन संबंधित औषधियां जैसे Ru486, Mifepristone एवं Misoprostal व उसके ग्रुप श्रेणी की दवाओं (गोली, इंजेक्शन, जेल) का विक्रय।

**दुकानदार को रखना होगी पर्चे की फोटोकॉपी** – एडवायजरी में बताया गया है कि लिखित प्रिस्किप्शन की छायाप्रति संबंधित मेडिकल स्टोर द्वारा रखी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पदेन उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन अपने अधीनस्थ औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारियों के माध्यम से नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण कर आदेश का प्रभावी परिपालन सुनिश्चित करेंगे। अनियमितता पाई जाने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावी होकर 07 जनवरी,2025 तक तक लागू रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक